**नर्मदापुरम की हलचल**

## लापता किशोरी को हरदा पुलिस ने पीथमपुर से किया बरामद

**हरदा।** हरदा जिले से सात महीने पहले अगवा हुई नाबालिग लड़की को पुलिस ने पीथमपुर से दस्तयाब किया है। आरोपी नाबालिग को शादी का झांसा देकर अपने साथ ले गया और उसका शारीरिक शोषण कर रहा था। पुलिस ने आरोपी को भी गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। टिमरनी एसडीओपी आकांक्षा तलया ने बताया कि 25 अप्रैल को थाना क्षेत्र में रहने वाले एक व्यक्ति ने टिमरनी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी 15 साल की बेटी को कोई व्यक्ति बहला फुसलाकर साथ ले गया है। पुलिस ने इस मामले में धारा 363 के तहत मामला दर्ज किया और नाबालिग की तलाश के लिए एक विशेष टीम का गठन किया था। नाबालिग के परिजनों से पूछताछ और मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर नाबालिग को पीथमपुर के जीवन ज्योति कॉलोनी से दस्तयाब कर थाने लाया गया। महिला पुलिस अधिकारी ने अपहृत बालिका से पूछताछ की, जिसमें उसने बताया आरोपी अमित उसे शादी का लालच देकर उसे साथ ले गया था। अमित ने उसके साथ मर्जी के बगैर कई बार शारीरिक संबंध बनाए।

## सुशासन सप्ताह के तहत प्रशासन गांव की ओर अभियान शुरू

**हरदा।** हरदा में 19 से 24 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह मनाया जा रहा है। इस सप्ताह के तहत 19 दिसंबर से प्रशासन गांव की ओर अभियान शुरू किया गया है, जो 24 दिसंबर तक चलेगा। कलेक्टर आदित्य सिंह ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इस अभियान के दौरान गांव-गांव जाकर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करें। अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि ग्रामीणों को अपने आवेदन के समाधान के लिए विकासखंड या जिला स्तर पर शासकीय कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े। कलेक्टर सिंह ने बताया कि 19 दिसंबर को हरदा, खिरकिया और टिमरनी विकासखंडों में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

## इटारसी जनपद पंचायत केसला में 7 कैंप आयोजित

**इटारसी।** सुशासन सप्ताह फ्रप्रशासन गांव की ओर भारत सरकार व राज्य सरकार की हितग्राही मूलक योजनाओं में शत प्रतिशत सैचुरेशन प्राप्त करने के लिए कैंप लगाया गया। जनपद पंचायत केसला क्षेत्र की 7 ग्राम पंचायत डांडीबाडा, कालाआखर, केसला, भट्टी, बाबईखुर्द, बेलावाड़ा, चांदौन में जनप्रतिनिधियों और शासन के अधिकारी कर्मचारियों की मौजूदगी में गुरुवार को जनकल्याण कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुशासन सप्ताह मनाया गया। कैंप में विभागों के कर्मचारी, अधिकारी उपस्थित मौजूद रहे। सभी विभागों से संबंधित योजनाओं की जानकारी ग्रामीण जनों को दी गई। कैंप में प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया गया। गुरुवार के कैंप में कई योजनाओं से संबंधित 700 आवेदन प्राप्त हुए।

### टाइगर के शिकारियों पर बिजली कंपनी भी करेगी मामला दर्ज

# चोरी से हाईटेंशन लाइन से तार डाल जंगल में 250 मीटर दूर फैलाया था करंट

**नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन**

नर्मदापुरम जिले के बानापुरा रेंज के बांसपानी के जंगल में 3 दिसंबर को हुए टाइगर के शिकार के मामले में बिजली कंपनी भी शिकारियों के खिलाफ अलग से प्रकरण दर्ज करेगी। वन विभाग ने बिजली कंपनी के डीजीएम को पत्र लिखकर मामले में बिजली चोरी के तहत कार्रवाई करने का लिखा है।

शिकारियों द्वारा जंगली सुअर के शिकार के फैलाए बिजली के करंट की चपेट में आने से टाइगर की मौत हुई थी। 14 दिन बाद वन विभाग की टीम ने एक नाबालिग समेत तीन शिकारियों को और वन विभाग के चौकीदार को गिरफ्तार किया। चारों को जेल भेजा जा चुका है। करंट की पुष्टि होने के बाद वन विभाग ने प्रकरण में मध्य प्रदेश इलेक्ट्रिसिटी अधिनियम की धाराओं का इजाफा किया था।

अब बिजली कंपनी को भी अलग प्रकरण दर्ज करने का वन विभाग ने डीजीएम को पत्र भेजा है। पत्र में



आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करने घटना का विवरण भी दिया गया है। प्रभारी डीएफओ अनिल चोपड़ा ने बताया बताया कि शिकारियों ने बिजली की हाईटेंशन लाइन से करंट लेकर जंगल में 250 मीटर अंदर तक तारों के जाल में करंट फैलाया था।

इसकी चपेट में आने के कारण टाइगर की मौत हो गई थी। मामले में तीन शिकारियों को और एक वन विभाग के अस्थाई चौकीदार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। शिकारियों ने जाल में करंट डालने के लिए बिजली की चोरी भी की है। इसलिए विभाग ने बिजली कंपनी को पत्र देकर इसकी जानकारी दी है। जिससे कंपनी बिजली एक्ट के तहत शिकारियों पर कार्रवाई करें।

### दांत, नाखून का नहीं लगा पता, तलाशने में जुटी टीम

मृत टाइगर के शव से गायब चार नाखून और दो केनाइन दांत का अब तक कुछ पता नहीं चल पाया है। विभाग की टीमें गांव-गांव में तलाशी और पूछताछ कर रही है। जांच टीम को कई महत्वपूर्ण लीड मिली है। वन विभाग दो से तीन दिन में दांत और नाखून गायब करने वालों को पकड़कर को खुलासा कर सकती है।

### सुशासन सप्ताह एवं मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान अंतर्गत

# नगरीय निकायों में किया जा रहा है शिविरों का आयोजन

**नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन**

अवर सचिव, मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग से प्राप्त निर्देशानुसार भारत सरकार और राज्य सरकार की चिन्हित हितग्राही मूलक योजनाओं में शत-प्रतिशत संचुरेशन एवं लक्ष्य आधारित योजनाओं का पूरा लाभ उसके वास्तविक रूप से पात्र हितग्राही तक समय-सीमा में पहुँचे इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु सुशासन सप्ताह एवं मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान अंतर्गत प्रथम शिविर एवं द्वितीय शिविरों का आयोजन 18 दिसम्बर 2024 से 26 जनवरी 2025 तक नगरीय निकाय में किया जा रहा है।

तत्संबंध में 20 दिसम्बर को नगरपालिका परिषद नर्मदापुरम में वार्ड क्रं 5, हनुमान मंदिर के सामने राठौर गली में एवं वार्ड क्रं. 6, इंद्रा चौक पर प्रातः 11 से दोपहर 03 बजे तक प्रथम शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार नगरपालिका परिषद पिपरिया में 5 लोहिया वार्ड पार्षद महोदय के कार्यालय के सामने प्रातः 11 बजे से शाम 05 बजे तक, नगर पालिका परिषद माखन नगर में इंदिरा गांधी वार्ड 03 सिलारी शंकर मंदिर के पास प्रातः 10 से दोपहर 03 बजे तक, नगर पालिका परिषद सिवनीमालवा में वार्ड नं 04 किंदबई वार्ड नगरपालिका सोनिया गांधी हाल एवं वार्ड क्रं 05 ला.लाजपत राय वार्ड नगर पालिका सोनिया गांधी हाल में प्रातः 10 से दोपहर 03 बजे तक, नगर पालिका परिषद बनखेडी में महाराणा प्रताप वार्ड 02 स्कूल के पास शुगर मिल के पास एवं भीमराव अंबेडकर वार्ड 04 आंगनबाडी के पास कुंआ के पास प्रातः 11:00 बजे से सायं 04 बजे तक, नगर पालिका परिषद सोहागपुर में रघुवंशीपुरा वार्ड 03 रघुवंशी पुरा गार्डन के पास रघुवंशीपुरा एवं जवाहर वार्ड 04 क्षेत्रिय ग्रामीण बैंक के पास जवाहर वार्ड सोहागपुर में प्रात 10:00 बजे से सायं 06 बजे तक, नगर पालिका परिषद इटारसी में वार्ड क्रं. 05 रामगढ सांई मंदिर के पास पुरानी इटारसी, वार्ड क्रं 06 इन्द्रपुरा शनि मंदिर के पास पुरानी इटारसी, वार्ड क्रं 07 अंबेडकर नगर शनि मंदिर के पास पुरानी इटारसी एवं वार्ड क्रं. 08 सुदामा नगर शासकीय बालक शाला पीपल मोहल्ला में प्रातः 10:00 से शाम 05 बजे तक शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### सुशासन सप्ताह और मुख्यमंत्री जन कल्याण पर्व अंतर्गत हो रहा राजस्व मामलों का शीघ्र निराकरण

# ग्राम होरियापीपर और पांजरा कला के आवेदनकर्ताओं की राजस्व समस्या का हुआ निराकरण

**नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे सुशासन सप्ताह अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर अभियान और मुख्यमंत्री जन कल्याण पर्व मनाया जा रहा है। इस अवधि में राजस्व महाभियान 3.0 भी संचालित किया जा रहा है जिसमे जिले के राजस्व संबंधी मामलों का शीघ्र निराकरण किया जा रहा है।

नर्मदापुरम जिले के ग्राम पांजरा कला के आवेदकभंगुलाल पिता कपूरा का विवादित नामांतरण का मामला भी लगभग 10 महीनों से लंबित था, तकनीकी त्रुटियों के कारण नामांतरण का कार्य नही हो पा रहा था। जिससे इनको राजस्व योजनाओं का लाभ प्राप्त नहीं हो पा रहा था। महाभियान अवधी अंतर्गत राजस्व अमले के पास प्रकरण पहुंचने पर उसपर त्वरित कार्यवाही की गई तथा समस्या का शीघ्र निराकरण राजस्व महाभियान के तहत किया गया है। इसी प्रकार, ग्राम



होरियापिपर निवासी ईश्वरदास और ग्राम कुलामडी निवासी हरिशंकर शर्मा के सीमांकन संबंधी मामले भी लंबे समय से लंबित थे, जिनका निराकरण भी इसी अभियान के दौरान किया गया है। इन सभी हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और राज्य सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि राजस्व अभियान के तहत उन्हें राजस्व प्रकरणों का त्वरित समाधान मिला है।

इस अभियान पर रोशनी डालते हुए नर्मदापुरम कलेक्टर सोनिया मीना ने बताया कि सुशासन सप्ताह और मुख्यमंत्री जन कल्याण पर्व के दौरान जिले में राजस्व मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे सभी लंबित पड़े राजस्व मामलों का शीघ्र समाधान करें ताकि नागरिकों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।

## सेवानिवृत्त शिक्षकों की समस्याओं की सुनवाई होगी

**हरदा।** शिक्षा विभाग में कार्यरत और सेवानिवृत्त शिक्षक संवर्गकी लंबित समस्याओं के निराकरण के लिए संकुल, विकासखण्ड और जिलास्तर पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। डीईओ डीएस रघुवंशी ने बताया कि संकुल स्तर पर 22 दिसम्बर को शिविर आयोजित होंगे। जबकि विकास खण्ड स्तर पर 29 दिसम्बर और जिलास्तर पर 2 और 3 जनवरी को सुबह 11 बजे से 5 बजे तक शिविर लगेंगे। उन्होंने बताया कि संकुल स्तरीय शिविर में प्राचार्य अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के सहयोग से विभागीय समस्याओं का निराकरण करेंगे। इसी प्रकार विकासखण्ड स्तर पर आवेदनों का निराकरण बीईओ द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 2 और 3 जनवरी को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में आयोजित जिला स्तरीय शिविर में सभी संकुल प्राचार्य और बीईओ अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ प्राप्त आवेदनों का निराकरण करेंगे।

### एसटीआर में वॉक पर निकली टाइगर फैमिली ने रोका रास्ता

# जिप्सी के बीच में चले एक साथ 4 बाघ, नजारा देख रोमांचित हो उठे टूरिस्ट



**नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन**

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व (स्ञ्ञ्र्र) के मढ़ई और चूरना में बड़ी संख्या में पर्यटक जंगल सफारी करने पहुंच रहे हैं। पर्यटकों को टाइगर फैमिली के दीदार भी हो रहे हैं। टाइगर फैमिली का एक ऐसा ही वीडियो गुरुवार को सोशल मीडिया पर सामने आया।

वीडियो में चार टाइगर एक साथ सफारी के रास्ते पर चलते व बैठे दिखाई दे रहे हैं, जिसे देख कुछ पल के लिए टूरिस्ट डर गए। फिर सभी पर्यटकों ने रोमांचित करने वाले नजारे का आनंद लिया। बाघ-बाघिन व दो शावकों के आगे एक और पीछे करीब तीन जिप्सी खड़े रही। जिप्सी में बैठे सैलानियों ने बाघिन का वीडियो बना लिया। कुछ देर तक बाघिन, उसके शावक बैठे रहे, बाघ कुछ दूरी पर पीछे चलते रहे। शावक अठखेलियां भी करते रहे। कुछ देर तक टाइगर फैमिली ने रॉयल अंदाज में रास्ता रोके रखा। फिर थोड़ी दूर तक चारों चलते रहे। आगे चलकर रास्ता छोड़ चारों झाड़ियों की तरफ चले गए।

STR के मढ़ई सहायक संचालक अंकित जामोद ने बताया कि मौसम सर्द होने के कारण अकसर खुले स्थान पर टाइगर धूप लेने के लिए आते हैं। लगातार बाघिन और उसके शावक टूरिस्ट को दिखाई दे रहे हैं। बाघिन का कोई नाम रखा नहीं है। बाघिन, उसके दो शावक के अलावा एक वयस्क टाइगर भी साथ में दिखा है। शावकों की उम्र डेढ़ साल है।

### बाघिन पीछे से दहाड़ते हुए आगे आई

जंगल सफारी के दौरान पश्चिम बंगाल से आए टूरिस्ट ने मोबाइल कैमरे में शूट किया। इस दौरान वे रोमांचित हो गए। पर्यटकों ने मोबाइल कैमरे में इन पलों को कैद किया। वीडियो में साफ तौर पर देख सकते है कि दो शावक टाइगर रास्ते पर बैठे है। बाघिन पीछे से दहाड़ते हुए आगे आई। कुछ देर बाद शावक दो टाइगर अठखेलियां करते हुए चलने लगे। चौथा टाइगर पीछे-पीछे आते दिख रहा, जिनके पीछे जिप्सी चल रही।

## मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान और सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर का आयोजन

**नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन**

भारत सरकार और राज्य सरकार की हितग्राही मूलक योजनाओं में शत प्रतिशत सैचुरेशन प्राप्त करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान और सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान 11 दिसंबर 2024 से 26 जनवरी 2025 तक आयोजित किया जाएगा, जबकि सुशासन सप्ताह 19 दिसंबर 2024 से 24 दिसंबर 2024 तक मनाया जा रहा है।

आज के अवसर पर कलेक्टर सोनिया मीना और सीईओ जिला पंचायत के निर्देशन में जनपद पंचायत केसला क्षेत्र की 7 ग्राम पंचायतों- डांडीबाडा, कालाआखर, केसला, भट्टी, बाबईखुर्द, बेलावाड़ा और चांदौन में जनकल्याण कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में जनप्रतिनिधियों और शासन के अधिकारियों/कर्मचारियों की उपस्थिति में ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई और कैंप में प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया गया।

इस कैंप में कुल 698 आवेदन प्राप्त हुए, जो विभिन्न योजनाओं से संबंधित थे। विभागों के कर्मचारी और अधिकारी उपस्थित थे, जिन्होंने ग्रामीण जनों को योजनाओं की जानकारी प्रदान की और उनके आवेदन संबंधित विभागों तक पहुंचाए।

### 4 दिन में 812 वाहनों के खिलाफ चालानी कार्रवाई

# ट्रैफिक पुलिस ने 2.80 लाख का जुर्माना वसूला, एक बाइक जब्त

**नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन**

नर्मदापुरम में पिछले चार दिनों से ट्रैफिक पुलिस का हेलमेट और सीटबेल्ट चेकिंग अभियान जारी है। पुलिस ने बुधवार को देहात थाने के सामने और इटारसी में चेकिंग की। इस दौरान बिना हेलमेट वाले बाइक चालकों और बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस ने बुधवार को कुल 75 वाहनों के खिलाफ चलानी कार्रवाई की। इनमें से 74 वाहनों से 29,400 रुपए का जुर्माना वसूला गया। इस दौरान एक शराब पीकर बाइक चलाने वाले को पकड़ा गया। जिसकी बाइक जब्त की गई।



पुलिस ने दो नाबालिग बच्चों को बाइक चलाते पकड़ा, जिनके ऊपर 2300-2300 रुपए जुर्माना किया गया।

### 4 दिन में 812 वाहनों पर चलानी कार्रवाई

यातायात पुलिस ने शहर में पिछले 4 दिनों में 490 वाहनों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की है। जिसमें 1,59,700 रुपए का जुर्माना वसूला गया है। वहीं, पूरे जिले में 812 वाहनों से 2,80,800 रुपए का जुर्माना वसूला है। यातायात डीएसपी संतोष मिश्रा ने कहा कि पुलिस की अपील है कि यातायात नियमों का पालन करें और नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने के लिए न दें। इसमें वाहन मालिक भी दोषी होते हैं।

## हरदा में 40 वर्षीय युवक ने लगाई फांसी

**हरदा।** हंडिया थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक महिला को अपने बेटे का शव पेड़ से लटका मिला। घटना हंडिया के वार्ड नंबर 15 के भिलाला मोहल्ले की है। आज सुबह शौच के लिए जाते समय महिला ने बेल के पेड़ पर दुपट्टे के सहारे बेटे का शव लटका देखा। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। पुलिस आत्महत्या करने के कारणों का पता लगा रही है। इस दौरान उसकी चिल्लाने की आवाज सुनकर परिवार के अन्य लोग भी जागकर बाहर आ गए। महिला का बेटा अमरसिंह (40) ड्राइवरी का काम करता था। पुलिस के मुताबिक वो देर रात ड्यूटी से घर लौटा था। तब घर के सभी सदस्य सो रहे थे। इसके बाद उसने रात 2 से सुबह 5 बजे के बीच आत्महत्या कर ली।

### शासकीय कन्या महाविद्यालय में गणित दिवस का हुआ आयोजन

# सिवनी मालवा में विश्व विख्यात गणित शास्त्री श्रीनिवास रामानुजन को दी गई श्रद्धांजलि



**सिवनी मालवा ■ निसं**

सिवनी मालवा के शासकीय कन्या महाविद्यालय में गुरुवार दोपहर विश्व विख्यात गणितशास्त्री श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिवस सप्ताह के अंतर्गत राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन किया गया। गणित विभाग की ओर से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्राचार्य डॉ. उमेश कुमार धुर्वे, मुख्य अतिथि शासकीय कुसुम महाविद्यालय के गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. ऐ के यादव और महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने मां सरस्वती और गणितज्ञ श्री निवास रामानुजन की तस्वीर पर फूल चढ़ाकर कार्यक्रम की शुरुआत की।

छात्राओं को गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जीवन पर आधारित लघु फिल्म दिखाई गई। तनुदीप पालीवाल और समूह ने गणित के महत्त्व विषय पर लघु नाटिका प्रस्तुत की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ उमेश कुमार धुर्वे ने गणित के जीवन में महत्त्व विषय पर प्रकाश डाला। साथ ही जीवन में सफलता के आयामों के बारे में बताया।

कार्यक्रम में डॉ. पदम, प्राध्यापक डॉ. बाऊ पटेल, काजल रतन, इको क्लब प्रभारी डॉ. सतीश बालापुरे, रजनीश जाटव, मनोज प्रजापति सहित सभी प्राध्यापक और छात्राएं उपस्थित रहीं।

### आवेदनों की स्थिति देखी एवं आवेदनों के शीघ्र निराकरण के दिए निर्देश

# कमिशनर तिवारी सिवनी मालवा में सुशासन एवं मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविर में हुए शामिल

**नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन**

नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर के जी तिवारी गुरुवार को सुशासन सप्ताह के अंतर्गत एवं मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के अंतर्गत सिवनी मालवा में आयोजित शिविर में पहुंचे। यहां उन्होंने अब तक प्राप्त आवेदनों का अवलोकन किया एवं आवेदनों के त्वरित गति से निराकरण के निर्देश दिए। कमिश्नर ने अनुविभागीय राजस्व अधिकारी सिवनी मालवा एवं नगर पालिका



अधिकारी सिवनी मालवा को निर्देश दिए कि वह शिविर में प्राप्त आवेदनों का निराकरण कर भारत सरकार के पोर्टल पर आवेदन अपलोड करें। कमिश्नर ने कहा कि सभी डाटा पीएम पोर्टल पर अपडेट किया जाए। बताया गया कि शिविर में मुख्यत: संबल योजना के अंतर्गत अनुग्रह सहायता राशि एवं पंजीयन, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, अंत्येष्टि सहायता, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, आर्थिक सहायता, सीमांकन बंटवारा एवं अन्य राजस्व से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए हैं। कमिश्नर ने अनुविभागीय राजस्व अधिकारी को निर्देश दिए की सभी आवेदनों की रजिस्टर में एंट्री करके एक एक आवेदन का स्वयं परीक्षण कर निराकरण करें। कमिश्नर ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह विभिन्न ग्राम पंचायत में कल आयोजित होने वाले शिविर की गांव में मुनादी अवश्य कराए और आयोजित शिविरो का ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार कराए। शिविर में मौके पर मौजूद आवेदन कर्ता मती मीना ने कमिशनर को अवगत कराया की वे 3 साल से शौचालय के लिए परेशान है। वार्ड क्रमांक 3 में उनके आवास है जहां उन्हें शासन की योजना के तहत शौचालय का निर्माण कराना है, तत संबंध में वो आवेदन लेकर शिविर में पहुंची थी।


प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी डी.पी.गोयल द्वारा प्रभा काम्पलेक्स के पास, मीनाक्षी चौक, आई.टी.आई. रोड, होशंगाबाद से प्रकाशित तथा श्री बालाजी प्रिन्टर्स, 21-एच, इंडस्ट्रीयल एरिया, गोविन्दपुरा, भोपाल- 462023 (म.प्र.) से मुद्रित। संपादक- डी.पी.गोयल। मो.9827054436 भोपाल कार्यालय : 4240007.
डाक पंजीयन - MP/HSD04/2023-2025 व्यवस्थापक- डी.सी. पारे, मो. 8878623331 Email: amritdarshan@yahoo.com (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र भोपाल रहेगा।)।